इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 29] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 15 जुलाई 2016—आषाढ़ 24, शक 1938

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक, (ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 1 जून 2016

क्र. ई-5-948-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) डॉ. अरूणा गुप्ता, भाप्रसे (2005), कलेक्टर, जिला झाबुआ को समसंख्यक आदेश दिनांक 23 जनवरी 2016 द्वारा दिनांक 2 से 30 मई 2016 तक, उन्तीस दिन का एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था, में आंशिक संशोधन पुनरीक्षित करते हुए, अब उन्हें दिनांक 2 से 27 मई 2016 तक, छब्बीस दिन का एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 1 मई 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) समसंख्यक आदेश दिनांक 23 जनवरी 2016 की शेष कंडिकाएं यथावत.

भोपाल, दिनांक 20 जून 2016

क्र. ई-5-898-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री राजेश बहुगुणा, आयएएस, अपर आयुक्त, वाणिज्यिक कर, इन्दौर को दिनांक 20 से 25 जून 2016 तक, छ: दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 18, 19 एवं 26 जून 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री राजेश बहुगुणा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर आयुक्त, वाणिज्यिक कर, इन्दौर के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री राजेश बहुगुणा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राजेश बहुगुणा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ॲन्टोनी डिसा, मुख्य सचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2016.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 25 जून 2016

क्र. एफ 1(ए) 155-1993-ब-2-दो.—श्री राजेश गुप्ता, भा.पु.से. पुलिस महानिरीक्षक (गुप्त) ओएसडी, संस्कृति विभाग एवं प्रभारी सॉची, बौद्ध भारतीय -ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, भोपाल, दिनांक 1 जुलाई 2016 से 10 जुलाई 2016 तक, दस दिन का लघुकृत अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री राजेश गुप्ता, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक (गुप्त) ओएसडी, संस्कृति विभाग तथा प्रभारी सॉची, बौद्ध भारतीय-ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री राजेश गुप्ता, भा.पु.से. को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा. जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राजेश गुप्ता, भा.पु.से. उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 27 जून 2016

क्र. एफ-1-79-2015-ब-2-दो.—विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 23 जून 2016 को निरस्त करते हुए, राज्य शासन (Mid Career Training Programme Phase-V, 2016) मिड-केरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम फेस-5, 2016 के प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार दिनांक 6 से 17 जून 2016 तक हैदराबाद में तथा दिनांक 19 से 25 जून 2016 तक यू.एस.ए. में निम्नांकित भापुसे, अधिकारियों द्वारा भाग लिया जाना है:—

1. श्री सुधीर कुमार शाही, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक, एसटीएफ, म. प्र. मुख्यालय, भोपाल.
2. श्रीमती अनुराधा शंकर, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक, रेल मुख्यालय, भोपाल.
3. श्री विपिन कुमार, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, इन्दौर जोन इन्दौर.
4. श्री राजेश चावला, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक/ निदेशक, जेएनपीए, सागर.

(2) प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरान्त उपरोक्त भापुसे, अधिकारियों को दिनांक 27 से 30 जून 2016 तक, चार दिवस का अर्जित अवकाश (Ex India Leave) के रूप में निम्नलिखित शर्तों के तहत स्वीकृत किया जाता है:

1. विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला व्यय वे स्वयं वहन करेंगे, राज्य शासन नहीं.
2. विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य (Hospitality) स्वीकार नहीं करेंगे.
3. विदेश में कोई Assignment नहीं लेंगे.

(3) अवकाश से लौटने पर संबंधित भापुसे अधिकारियों को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से उसी पद एवं स्थान पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) अवकाशकाल संबंधित भापुसे अधिकारियों को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(5) प्रमाणित किया जाता है कि यदि संबंधित भापुसे, अधिकारी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1(ए) 89-2015-ब-2-दो.—भारत शासन कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग), नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 25 अगस्त 2009 के अन्तर्गत भारतीय पुलिस सेवा (वर्दी) नियम, 1954 के नियम 4(a) में 6वें वेतनमान की अनुशंसा अनुसार वेतन बैंण्ड पर महंगाई भत्ते की दर 50% अधिक हो जाने पर प्रत्येक समय 25% की वृद्धि का प्रावधान किया गया है. महंगाई भत्ता 50% होने पर 25% की अतिरिक्त वृद्धि करते हुए दरों को पुनरीक्षित कर वर्तमान में भापुसे अधिकारियों को दिनांक 1 अक्टूबर 2011 से वर्दी धुलवाई भत्ता 375/- प्र.मा. एवं गणवेश नवीनीकरण अनुदान रु. 3000/- तीन वर्ष में एक बार भुगतान किया जा रहा है.

(2) विभाग द्वारा भारत शासन के उपर्युक्त निर्देश के पालन में भा.पु.से. (वर्दी) निमय 1954 के नियम 4(a) तथा 6वें वेतनमान की अनुशंसा अनुसार दिनांक 1 जनवरी 2014 को महंगाई भत्ता 100% हो जाने के फलस्वरूप भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों के वर्दी धुलाई भत्ता एवं गणवेश नवीनीकरण अनुदान की दरें निम्नानुसार संशोधित की जाती हैं:—

1. वर्दी धुलाई भत्ता	दि. 1-1-2014 से	रु. 450/-	प्रतिमाह
2. गणवेश नवीनीकरण अनुदान.	दि. 1-1-2014 से	रु. 4500/-	तीन वर्ष में एक बार.

भोपाल, दिनांक 30 जून 2016

क्र. एफ. 1(ए) 4-2012-ब-2-दो.—श्री निमिष अग्रवाल, भा.पु.से, पुलिस अधीक्षक, टीकमगढ़ को पुलिस मुख्यालय, भोपाल के आदेश दिनांक 16 जून 2016 द्वारा स्वीकृत दिनांक 17 से 26 जून 2016 तक, दस दिवस अर्जित अवकाश की अवधि में खण्ड वर्ष 2014-17 द्वितीय ब्लाक वर्ष 2016-17 में गृह नगर की अवाकश यात्रा सुविधा के तहत परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ श्री नगर (जम्मू कश्मीर) की अवकाश यात्रा की अनुमति की स्वीकृति प्रदान की जाती है:—

क्रमांक	परिवार के सदस्यों के नाम	संबंध
(1)	(2)	(3)
1.	श्री निमिष अग्रवाल	स्वयं
2.	श्रीमती कनिका अग्रवाल	पत्नी

(2) अवकाश से लौटने पर श्री निमिष अग्रवाल, भा.पु.से, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस अधीक्षक, टीकमगढ़ के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री निमिष अग्रवाल, भा.पु.से, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री निमिष अग्रवाल, भा.पु.से, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ. 1(ए) 79-2011-ब-2-दो.—श्री रघुवीर सिंह मीणा, भा.पु.से, को पुलिस मुख्यालय, भोपाल के आदेश दिनांक 16 जून 2016 द्वारा स्वीकृत दिनांक 16 से 30 जून 2016 तक, पन्द्रह दिवस अर्जित अवकाश की अवधि में खण्ड वर्ष 2014-17 द्वितीय ब्लाक वर्ष 2016-17 में गृह नगर की अवकाश यात्रा सुविधा के तहत परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ रामेश्वरम् की अवकाश यात्रा के साथ दस दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण की अनुमति प्रदान की जाती है:—

क्रमांक	परिवार के सदस्यों के नाम	संबंध
(1)	(2)	(3)
1.	श्री रघुवीर सिंह मीणा	स्वयं
2.	श्रीमती ममता मीणा	पत्नी

(2) अवकाश से लौटने पर श्री रघुवीर सिंह मीणा, भा.पु.से, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस अधीक्षक, आगर मालवा के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री रघुवीर सिंह मीणा, भा.पु.से, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री रघुवीर सिंह मीणा, भा.पु.से, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कमला उपाध्याय, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 6 जुलाई 2016

फा. क्र. 3(ए)6-2016-इक्कीस-ब(एक)-2501.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 233 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उच्च न्यायालय के परामर्श से मध्यप्रदेश शासन निम्नलिखित सिविल न्यायाधीशगण (वरिष्ठ श्रेणी), को मध्यप्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 1994 यथासंशोधित के नियम-5(1)(ए) के अन्तर्गत उनके कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक से अस्थायी रूप से, आगामी आदेश होने तक, जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) वेतनमान रुपये 51550-1230-58930-1380-63070 के पद पर स्थानापन्न रूप से नियुक्त करता है:—

1. श्री आनंद प्रिय राहुल, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सीधी.
2. श्री दिनेश कुमार सिंह, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, होशंगाबाद.
3. श्री संजीव कुमार गुप्ता, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रीवा.
4. श्री अरविंद कुमार गोयल, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, भोपाल.
5. श्रीमती प्रिया शर्मा, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नीमच.
6. श्री दीपक कुमार पाण्डेय, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हरदा.
7. श्री पंकज सिंह महेश्वरी, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इन्दौर
8. श्री सचिन्द्र श्रीवास्तव, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गुना.
9. श्रीमती शालिनी शर्मा सिंह, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, छिन्दवाड़ा.
10. कुमारी मंजुलता चतुर्वेदी, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सीहोर.
11. श्री सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बैढन, जिला सिंगरौली.

12. श्री समीर कुलश्रेष्ठ, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, खण्डवा.

13. श्रीमती वर्षा शर्मा, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रायसेन.

14. श्री अशोक गुप्ता, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, दमोह.

15. श्री अजय कांत पाण्डेय, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, ग्वालियर.

16. श्री रामजी गुप्ता, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, टीकमगढ़.

17. श्री गालिब रसूल, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बुरहानपुर.

18. श्री गंगाचरण शर्मा, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उज्जैन.

19. श्री मसूद अहमद खान, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, देवास.

20. श्री राकेश कुमार जैन, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धार.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विरेन्दर सिंह, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 4 जून 2016

शुद्धि-पत्र

फा. क्र. 3(बी)2-2014-इक्कीस-ब(एक)-2086.—इस विभाग के आदेश क्रमांक 3(बी)2-2014-इक्कीस-ब(एक)-782, दिनांक 10 मई 2016 की चौथी पंक्ति में उल्लेखित "प्रेषित आवेदन पत्र" के स्थान पर "निर्धारित समय में कार्यभार ग्रहण न करने के कारण उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर" पढ़ा जाए.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के वाणी, सचिव.

भोपाल, दिनांक 4 जुलाई 2016

पंजी क्र. 2389-2016-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन श्री शिवकुमार गुप्ता, नोटरी तहसील-झिरन्या, जिला-मंडलेश्वर द्वारा दिनांक 16 नवम्बर 2015 को नोटरी के पद से त्यागपत्र देने के फलस्वरूप उनके नोटरी नियुक्ति आदेश दिनांक 13 सितम्बर 2012 को अपास्त करते हुए उनका नाम शासन द्वारा संधारित नोटरी पंजी से विलोपित करता है.

भोपाल, दिनांक 5 जुलाई 2016

फा. क्र. 2347-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 15 (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन विशेष न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के संचालन हेतु निम्नलिखित उपसंचालकों को उनके नाम के सम्मुख दर्शाये गये जिलों के लिए विशेष लोक अभियोजक की शक्तियां उनकी पदस्थापना तक की अवधि के लिए प्रदान करता है.

1. श्री मदन लाल सोलंकी, उप संचालक अभियोजन खण्डवा,
2. श्री विमल कुमार छाजेड़, उप संचालक अभियोजन देवास,
3. श्री प्रदीप शर्मा, उप संचालक अभियोजन, गुना,
4. श्री के. के. मौर्य, उप संचालक अभियोजन, मुरैना.

फा. क्र. 2447-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, निम्नलिखित अधिवक्ताओं को उनके नाम के समाने दर्शाये अनुसार पद एवं स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष अथवा 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर, जो भी पहले हो तक की अवधि के लिये एतद्द्वारा, नियुक्त करता है:—

क्र.	नाम	पद एवं स्थान
(1)	(2)	(3)
1	श्री अरविन्द सिंह रघुवंशी (जन्मतिथि 11-1-1963).	शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक जिला सत्र खंड राजस्व अशोकनगर.
2	श्री आशुतोष लोधी (जन्मतिथि 23-3-1977)	अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/ अतिरिक्त लोक अभियोजक, जिला सत्र खंड राजस्व अशोकनगर.

यह नियुक्ति सामान्य पदावधि समाप्त होने के पूर्व बिना कोई कारण बताये किसी भी समय कोई सूचना दिए बिना समाप्त की जा सकती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. के. वैद्य, सचिव.

ऊर्जा विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 2 जुलाई 2016

क्र. एफ-13-39-2016-तेरह, मार्च 2016.—यतः, वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग ने अपने आदेश क्रमांक एफ-16-34-2015-

बी-ग्यारह, दिनांक 2 अप्रैल 2016 द्वारा बड़ी संख्या में स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार के अवसर एवं वृहद निवेश की संभावनाओं को देखते हुए मेसर्स ट्राइडेन्ट ग्रुप द्वारा रुपये 2320.02 करोड़ के निवेश से बुदनी, जिला सीहोर में प्रस्तावित मेगा इण्डस्ट्रीयल टेक्सटाईल हब को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की, जिनमें विद्युत् शुल्क से छूट भी सम्मिलित है;

(2) अतएव मध्यप्रदेश विद्युत् शुल्क अधिनियम, 2012 (क्रमांक 17 सन् 2012) की धारा 5 के खण्ड (एक) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हेतु राज्य सरकार, एतद्द्वारा मेसर्स ट्राइडेन्ट ग्रुप द्वारा बुदनी, जिला सीहोर में रुपये 2320.02 करोड़ के निवेश से प्रस्तावित मेगा इण्डस्ट्रीयल टेक्सटाईल हब परियोजना को निम्नानुसार छूट प्रदान करती है, अर्थात्:—

(एक) उपरोक्त परियोजना के अन्तर्गत प्रस्तावित/स्थापित टेक्सटाईल एवं पेपर उत्पाद इकाईयों को, जो कि वितरण कंपनी से नवीन संयोजन प्राप्त करेंगी, ग्रिड से प्रदाय की गई विद्युत् के उपभोग पर विद्युत् शुल्क के संदाय से 10 वर्ष की अवधि हेतु छूट होगी:

परन्तु यह छूट उन इकाईयों को उपलब्ध नहीं होगी, जो कि पहले से ही ग्रिड से जुड़ी है और/अथवा जो कि वितरण कंपनी के नवीन उपभोक्ता की श्रेणी में नहीं आती है.

(दो) उपरोक्त परियोजना के अन्तर्गत टेक्सटाईल एवं पेपर उत्पादन इकाई/इकाईयों को, उनके द्वारा उनके विद्यमान विद्युत् संयोजन पर भार वृद्धि किए जाने पर, केवल उक्त भार वृद्धि की सीमा तक ग्रिड से प्रदाय की गई विद्युत् के उपभोग पर विद्युत् शुल्क के संदाय से 10 वर्ष की अवधि हेतु छूट होगी.

(तीन) ट्राइडेन्ट ग्रुप द्वारा उपरोक्त परियोजना के अन्तर्गत स्थापित किए जा रहे को-जनरेशन केप्टिव पावर संयंत्र से उत्पादित विद्युत् का उपभोग, हब के अन्तर्गत प्रस्तावित/स्थापित इकाईयों द्वारा स्वयं करने पर, को-जनरेशन संयंत्र द्वारा उत्पादन प्रारंभ करने की तिथि से 10 वर्ष की अवधि हेतु विद्युत् शुल्क से छूट होगी.

3. यह अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगी तथा 10 वर्ष तक प्रभावी रहेगी.

No. F-13-39-2016-13.—WHEREAS, in view of the opportunities of employment to a Iarge number of local persons and possibilities of massive investment, the Commerce, Industries and Employment Departnent *vide* its order No. F-16-34-2015-B-XI dated 2nd April. 2016 has granted various facilities, including exemption from electricity duty to Mega Industrial Textile Hub proposed in Budhni, District Sehore by M/s Trident Group, with an investment of Rs. 2320.02 Crore.

2. Now, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by clause (i) of Section 5 of the Madhya Pradesh Vidyut Shulk Adhiniyam, 2012 (No.17 of 2012), the State Government hereby, grants the following exemptions to the proposed Mega Industrial Textile Hub Project of M/s Trident Group proposed in Budhni Distt. Sehore with an invesment of rupees 2320.02 Crorer.

(i) Textile and paper Product units, proposed/ established under the aforesaid Project, availing new connection from the Distribution Company, shall be exempted from payament of etectricity duty on consumption of etectricity supplied from the grid for a period of 10 years:

Provided that such exemption shall not be available to the units which are already connected with the grid and/or which do not fall under the category of new consumer of the Distribution Company.

(ii) Textile and Paper Product unit (s) under the Project, upon enhancement of its/ their load against the existing connection shall be exempted from Payment of etectricity duty on consumption of etectricity supplied from the grid to the extent of enhanced load only, for a period of 10 years.

(iii) Self consumption of the etectricity generated from the co-generation captive power plant, being established by the Trident Group under the aforesaid project, by the units proposed/ established under the Hub shall be exempted from payment of electricity duty for a period of 10 years from the date of start of generation by Co-generation plant.

3. This notification shall come in to force from the date of its publication in the Madhya Pradesh Cazette and will remain in force for 10 years.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आई.सी.पी. केशरी, प्रमुख सचिव.

नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 4 जुलाई 2016

सूचना

क्र. एफ-3-109-2007-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, (संशोधित) 1973 (क्रमांक 1 सन् 2012) की धारा 23 ''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-109-2007-बत्तीस, दिनांक 28 दिसम्बर 2015 द्वारा प्रस्तावित किये गये अनुसार प्रवर्तित जबलपुर विकास योजना 2021 में निम्नानुसार उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे निम्नानुसार है:—

अनुसूची

क्रमांक	ग्राम	खसरा क्र.	क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भू-उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	ग्राम हिनोतिया	75/5 में से	10,000 वर्गफीट	आमोद-प्रमोद	सार्वजनिक एवं अर्ध-सार्वजनिक
		योग . .	10,000 वर्गफीट		

1. यह कि आवेदक संस्था ने मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश नियम, 2012 के नियम 15 के अन्तर्गत देय राशि रु. 15,33,458/- (रुपये पन्द्रह लाख, तैंतीस हजार, चार सौ अठावन रुपये मात्र) दिनांक 15-3-2016 को भारतीय स्टेट बैंक तुलाराम शाखा जबलपुर के चालान क्रमांक जे/057823200 द्वारा राजकीय कोष में जमा कर दी है.

2. उक्त उपांतरण जबलपुर विकास योजना 2021 का एकीकृत भाग होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सी. के. साधव, उपसचिव.

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 4 जुलाई 2016

क्र. एफ-25-72-2016-दस-3.—भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16, सन् 1927), की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, उक्त अधिनियम के अध्याय 4 के प्रावधान/उपबन्धों को नीचे की अनुसूची में उल्लेखित भूमि पर लागू होने की घोषणा इस शर्त पर करता है कि इस भूमि पर व्यक्तियों या समुदायों के वर्तमान अधिकार जहां तक कि वे राज्य शासन द्वारा समय-समय पर संशोधित/रूपभेदित किये जायें, के अतिरिक्त, किसी भी रीति में न्यूनीकृत या प्रभावित नहीं किये जायेंगे. यह वनखण्ड, 23° 37' 30.735'' से 23° 37' 46.130'' उत्तर अक्षांश तथा 81° 18'35.9" से 81° 19'0.684" पूर्व देशांश के बीच स्थित है :—

अनुसूची

जिला—शहडोल, तहसील—गोहपारू, वनमंडल—दक्षिण वनमण्डल शहडोल, वन परिक्षेत्र—खन्नौधी

अनुक्रमांक	प्रस्तावित वनखंड का नाम	वनखण्ड की भूमि का विवरण				वनखंड की सीमाएं
		ग्राम का नाम	भूमि का वर्तमान मद	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	जन्नौडी 213	जन्नौडी	राजस्व भूमि (लैण्ड बैंक)	161 168/1 क	11.882 10.526	**उत्तर**—आरक्षित वन कक्ष क्रमांक 563 के मुनारा क्र. 43 से प्रस्तावित वन खण्ड

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
						के 43/3 तक की कृत्रिम वन सीमा. **पूर्व**—प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्रमांक 43/3 से 43/10 तक की कृत्रिम वन सीमा. **दक्षिण**—प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्रमांक 43/10 से 43/18 तक की कृत्रिम वन सीमा. **पश्चिम**—प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्रमांक 43/18 से आरक्षित कक्ष क्रमांक 563 मुनारा क्रमांक 43 तक की वन सीमा.
				योग . .	22.408	

(क) **अधिसूचना प्रकाशन का आधार**—

1. वैकल्पिक वृक्षरोपण हेतु भूमि म. प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्रमांक 02, शहडोल भुरसी से मितौरा मार्ग हेतु रकबा 22.408 हेक्टेयर में प्रभावित 2.16 हेक्टेयर वनभूमि के एवज में प्राप्त कुल 22.408 हेक्टेयर गैर वनभूमि में से उपरोक्त वर्णित भूमि 22.408 हेक्टेयर को क्षतिपूर्ति वनीकरण के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के पक्ष में कलेक्टर, शहडोल के आदेश क्रमांक RM/09/1946, दिनांक 20-5-2009 हस्तांतरित अथवा नामांतरित किये जाने के कारण.

2. **अन्य कारणों का विवरण**—निरंक

(ख) उपरोक्त भूमि पर सक्षम राजस्व अधिकारी, तहसीलदार जैतपुर के प्रतिवेदन क्रमांक निरंक दिनांक निरंक द्वारा अभिलेखित अधिकारों का खसरावार विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:—

1. **व्यक्तिगत अधिकार.**—कोई व्यक्ति समुदाय नहीं है.

2. **सामुदायिक अधिकार.**—कोई व्यक्ति समुदाय नहीं है.

अत: उक्त भूमि को भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 29 के अन्तर्गत संरक्षित वन घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रमेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव.

भोपाल, दिनांक 4 जुलाई 2016

क्र. एफ-25-72-2016-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 340 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-25-72-2016-दस-3, दिनांक 4 जुलाई 2016 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रमेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव.

Bhopal, the 4th July 2016

No. F-25-72-2016-X-3.—In exercise of the powers conferred by Section 29 of the Indian Forest Act, 1927 (XVI of 1927), the State Government are pleased to declare the provisions of Chapter IV of the said Act applicable to the forest areas specified in the Schedule below; Subject to the condition that the existing rights of individual or communities in such forest shall not be abridged or affected in any manner except in so far as they may be modified by the State Government from time to time. This Forest Block lies between 23° 37' 30.735'' to 23° 37' 46.130'' North Latitude and 81° 18'35.9" to 81° 19'0.684" East Longitude :—

SCHEDULE

District—Shahdol, Tehsil-Sohagpur, Forest Division-South Shahdol Divion, Forest Range—Khanoudi

S. No.	Name of Proposed Forest Block	Detail of Land Included				Forest Block Boundaries
		Name of Village	Present head of Land	Khasra No.	Area in (Hectare)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	Janoudi 213	Janoudi	Revenue Land (Land bank)	161 168/1 क	11.882 10.526	**North**—RF compartment No. 563 Pillar No. 43 to 43/3 Artificial Forest **block** boundary. **East**—Proposed Forest **block** Pillar No.43/3 to 43/10 Artificial Forest boundary. **South**—Proposed Forest **block** Pillar No.43/10 to 43/18 Artificial Forest boundary. **West**—Proposed Forest **block** Pillar No.43/3 to 43/18 to RF compartment No. 563 Pillar No. 43 Forest boundary.
			Total		22.408	

(A) **Reason for publication of Notification.**—

1. In lieu of 2.16 hectare of forest land under the sanctioned project of M.P. Gramin Sadak Nirman Unit-02 Shahdol Bhurshi to Mitoura Road.The above mentioned Revenue Land of 22.204 hectare has been transferred or muted in favour of Madhya Pradesh Govt. Forest Department by Collector Shahdol's order Rm/09/1946 dated 20-5-2009 for the purpose of compensatory afforestation.

2. Details of other Reasons—Nil.

(B) The Khasra Wise details of recorded rights on the above land as per report No. Nil-dated Nil of Tehsildar Jaitpur are as under.

1. **Rights of Individuals**—There is not individual Community.
2. **Rights of Communities**—There is not individual Community.

Therefore the above land is being declared as protected forest under Section 29 of Inidia Forest Act 1927.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
RAMESH KUMAR SHRIVASTAVA, Secy.

भोपाल, दिनांक 4 जुलाई 2016

क्र. एफ-25-72-2016-दस-3.—भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16, सन् 1927), की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य शासन, एतद्द्वारा उक्त अधिनियम के अध्याय 4 के प्रावधान/उपबन्धों को नीचे की अनुसूची में उल्लेखित भूमि पर लागू होने की घोषणा, इस शर्त पर करता है कि इस भूमि पर व्यक्तियों या समुदायों के वर्तमान अधिकार, जहां तक कि वे राज्य शासन द्वारा समय-समय पर संशोधित/रूपभेदित किये जायें, के अतिरिक्त, किसी भी रीति में न्यूनीकृत या प्रभावित नहीं किये जायेंगे. यह वनखण्ड, 22^0 55' 19.5'' N से 22^0 55' 43.6N'' उत्तर अक्षांश तथा 79^0 49'9.3 E" से 79^0 49' 36.9"E पूर्व देशांश के बीच स्थित है :—

अनुसूची

जिला—जबलपुर, तहसील—जबलपुर, वनमंडल—जबलपुर, वन परिक्षेत्र—बरगी

क्रमांक	प्रस्तावित वनखंड का नाम	वनखण्ड की भूमि का विवरण				वनखंड की सीमाएं
		ग्राम का नाम	भूमि का वर्तमान मद	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	सुकरी	सुकरी (प.ह. न. 46 पुराना क्र. 35).	छोटे-बड़े झाड़ का जंगल	27 (नया क्रमांक पुराना ख. क्र. 21)	25.00	**उत्तर**—मुनारा क्रमांक 1 से 2 तक की कृत्रिम वन सीमा. **पूर्व**—मुनारा क्रमांक 2 से 12 तक की कृत्रिम वन सीमा. **दक्षिण**—मुनारा क्रमांक 12 से 14 एवं मंगेला पी.एफ. कक्ष क्रमांक 201 के मुनारा क्रमांक 10/11 तक की कृत्रिम वन सीमा पश्चात् मंगेला पी.एफ. के मुनारा क्रमांक 10/11 से मुनारा क्रमांक 10/13 तक की पी.एफ. सीमा. **पश्चिम**—मंगेला पी.एफ. के मुनारा क्रमांक 10/13 से 10/14 (22^0 55' 26.6'' N 79^0 49' 09.3''E) तक पी.एफ. सीमा पश्चात् मुनारा क्रमांक 13 से मुनारा क्रमांक 19 पश्चात् मुनारा क्रमांक 1 तक की कृत्रिम सीमा.
				योग . .	25.00	

(क) **अधिसूचना प्रकाशन का आधार—**

1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के (1) आदेश क्रमांक 6-MPB-14/2006-BHO/486, दिनांक 21 मार्च 2006 से स्वीकृत 132 के.व्ही. नरसिंहपुर डायवर्सन जबलपुर लाईन में जबलपुर वनमण्डल का प्रभावित रकबा 0.486 हेक्टेयर के विरुद्ध 0.486 हे. में (2) आदेश क्रमांक 6-MPB-038/2006-B HO/808, दिनांक 4-5-2006 से स्वीकृत 220 के.व्ही. जबलपुर सूखा डायवर्सन लाईन में जबलपुर वनमण्डल का प्रभावित रकबा 0.822 हे. के विरुद्ध 0.822 हे. में (3) आदेश क्रमांक 6-MPB-039/2006-BHO/781, दिनांक 3-5-2006 से स्वीकृत 220 के.व्ही. अमरकंटक डायवर्सन इलेक्ट्रीसिटी लाईन में जबलपुर वनमण्डल का प्रभावित रकबा 0.900 हे. के विरुद्ध 0.900 हे. में (4) आदेश क्रमांक 6-MPC-005/2006-BHO/2354, दिनांक 23-1-2007 से स्वीकृत 220 के.व्ही. बिरसिंहपुर से जबलपुर लाईन में जबलपुर वनमण्डल का प्रभावित रकबा 3.20 हे. एवं अन्य वनमण्डल की प्रभावित भूमि 13.12 हे. के विरुद्ध 3.20 हे. में (5) आदेश क्रमांक 6-MPB-079/2006-BHO/1201, दिनांक 30-6-2006 से स्वीकृत 220के.व्ही. लिलो बिरसिंहपुर रीवा,

सतना इलेक्ट्रिकल लाईन में अन्य वनमण्डला का प्रभावित रकबा 0.930 हेक्टेयर के विरुद्ध 1.00 हेक्टेयर में (6) आदेश क्रमांक 6-MPC-028/2006-BHO/1645, दिनांक 11-9-2006 से स्वीकृत 220 के. व्ही. अमरकंटक से जबलपुर में जबलपुर वनमण्डल का प्रभावित रकबा 3.10 हे. एवं अन्य वनमण्डल का प्रभावित रकबा 4.14 हेक्टेयर के विरुद्ध 3.10 हे. में (7) आदेश क्रमांक 8-122/2003-FC, दिनांक 12-2-2007 से स्वीकृत 765 के. व्ही. सिवनी-सीपत विद्युत् लाईन अन्य वनमण्डल का प्रभावी रकबा 16.768 हे. के विरुद्ध 15.492 हे. में अधिरोपित शर्त के अनुसार कार्यपालन यंत्री अति उच्च दाब एवं मुख्य प्रबंधक पॉवर ग्रिड कार्पोरेशन, की स्वीकृत परियोजनाओं में कुल प्रभावित रकबा 43.466 हेक्टेयर वन भूमि के एवज में लौंड बैंक की भूमि में से उपरोक्त वर्णित भूमि 25.00 हेक्टेयर को क्षतिपूर्ति वनीकरण के उद्देश्य से म. प्र. शासन वन विभाग के पक्ष में कलेक्टर, जबलपुर के आदेश क्रमांक 2858/रा.मो./93, जबलपुर दिनांक 26-3-1993 से हस्तांतरित अथवा नामांतरित किये जाने के कारण.

2. **अन्य कारणों का विवरण**—निरंक

(ख) उपरोक्त भूमि पर तहसीलदार बरगी के प्रतिवेदन क्रमांक 162, दिनांक 15-9-2015 द्वारा अभिलेखित अधिकारों का खसरावार विस्तृत विवरण निम्नानुसार है.

1. **व्यक्तिगत अधिकार.**—उक्त भूमि पर व्यक्तिगत अधिकार नहीं है.

2. **सामुदायिक अधिकार.**—उक्त भूमि पर सामुदायिक अधिकार नहीं है.

अत: उक्त भूमि को भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 29 के अन्तर्गत संरक्षित वन घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रमेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव.

भोपाल, दिनांक 4 जुलाई, 2016

क्र. एफ-25-78-2016-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 340 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-25-78-2016-दस-3, दिनांक 4 जुलाई 2016 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रमेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव.

Bhopal, the 4th July 2016

No. F-25-78-2016-X-3.—In Exercise of the powers conferred by Section 29 of the Indian Forest Act, 1927 (XVI of 1927), the State Government are pleased to declare the provisions of chapter IV of the said Act applicable to the forest areas specified in the schedule below; Subject to the condition that the existing rights of individual or communities in such forest shall not be abridged or affected in any manner except in so far as they may be modified by the State Government from time to time. This Forest Block lies between 22^0 55' 19.5'' N to 22^0 55' 43.6N'' North Latitude and 79^0 49'9.3 "E to 79^0 49' 36.9"E East Longitude :—

SCHEDULE

District—Jabalpur Tehsil-Jabalpur, Forest Division-Jabalpur—Forest Range—Bargi

No.	Name of Proposed Forest Block	Detail of Land Included				Forest Block Boundaries
		Name of Village	Present head of Land	Khasra No.	Area in hach	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	Sukari	Sukari (Circle No. 46 old Circle No. 35).	Chhote Bade Jhad ka Jungle	27 (New No. old Kh. No. 21)	25.00	**North**—Artificial forest boundary from Pillar Nmuber 1 to 2.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
						East—Artificial forest boundary from Pillar Number 2 to 12. **South**—Artificial forest boundary from Pillar. Number 12 to Pillar Number 14 & up to Pillar Number 10/11 of Mangela PF Cmpartment Number 201 then PF boundary of Mangela PF from Pillar Number 10/11 to Pillar Number 10/13. **West**—PF boundary of Mangela PF from Pillar Number 10/13 to 10/14 (22° 55' 26.6'' N 79° 49' 09.3 E) then Artificial boundary of Pillar Number 13 to Pillar Number 19 then up to Pillar Number 1.
				Grand Total	25.00	

(A) **Reason for publication of Notification.**—

1. In accordance with the condition laid down in the Ministry of Environment and Forests Govt.of India's (l) order No. 6-MPB-014/2006-BHO/486 date 21-03-2006 approved of 132 KV. Narsinghpur Diversion Jabalpur affected Area 0.486 Hact. in Jabalpur division against in Area of 0.486 hact. (2) order No. 6-MPB-038/2006-BHO/808 dare 04-05-2006 approved of 220 KV. Jabalpur-Shookha Diversion Line affectcd Arca 0.822 hact. in Jabalpur division against in Area of 0.822 hact. (3) order No. 6-MPB-039/2006-BHO/781 date 03-05-2006 approvel of 220 KV. Amarkantak Diversion Electricity line affected Area 0.900 hact. in Jabalpur division against in Area of 0.900 Hact. (4) order No. 6-MPC -005/2006-BHO/2354 date 23-01-2007 approved of 220 KV. Birsingpur to Jabalpur line affectcd Area 3.20 hact. area in Jabalpur division & 13.12 hact. area in other division against Area of 3.20 hact. (5) order No. 6-MPB-079/2006BHO/120l date 30-06-2006 approved of 220 KV. Lilo Birsingpur Rewa satna elec. lin affected Area 0.930 hact. area of other division against in Area of 1.00 hact. (6) order No. 6MPC/028/2006-BHO/1645 date 11-09-2006 approved of 220 KV. Amarkantak to Jabalpur affected Area 3.10 hact. area Jabalpur division 4.14 hact. area of other division against in Area of 3.10 hact. (7) order No. 8-122/2003-FC date 12-02-2007 approved of 765 KV. seoni-sipath Electricle line affected Area 16.768 hact. area of other division against in Area of 15.492 hact.and in lieu of 43.466 hectare of total affected forest land urder the sanctioned projcct of rhe Executive Engineer ultra high pressure and General managaer power Grid Corporation, the above, mentioned 25.00 hact. Lard from Land Bank, transferred or muted in favour of M.P. Govt., Foresl Department by order No. 2858/R.M./93 dated 26.03.1993 of Collector Jabalpur for the purpose of compensatory afforestation.

2. Details of other Reasons—Nil

(B) The Khasara wise details of recorded rights on the above land as per report No. 162 & datcd 15-09-2015 of Tahsildar Bargi are as under.

(1) Rights of individuals : No individuals Rights are on above Land.
(2) Rights of Communities : No Communities Rights are on above Land.

Therefore the above land is being declared as protected forest under Section 29 of Inidian Forest Act 1927.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
RAMESH KUMAR SHRIVASTAVA, Secy.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला हरदा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

हरदा, दिनांक 28 मई 2016

क्र. 5358-भू-अर्जन-अ-82-15-16.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची क्र. 1 व 2 के कॉलम (1) से (4) में वर्णित भूमि के कॉलम (6) में दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भूमि अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है.

राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा-11 के द्वारा दी गयी शक्तियों को प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची क्र-1

जिला	तहसील	ग्राम/नगर	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)	धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
हरदा	टिमरनी	छीपानेर	3.103 हेक्टर	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग हरदा.	छोटी छीपानेर से नर्मदा नदी तक टू लेन मार्ग निर्माण हेतु.

अनुसूची क्र-2

हरदा	टिमरनी	चिचोट	1.939 हेक्टर	कार्यपालनं यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग हरदा.	छोटी छीपानेर से नर्मदा नदी तक टू लेन मार्ग निर्माण हेतु.

नोट.—1. भूमि का नक्शा प्लॉन एवं अर्जित की जाने वाली भूमि का विवरण आदि भू-अर्जन अधिकारी, टिमरनी एवं कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, हरदा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

2. कोई भी व्यक्ति अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से उक्त अधिनियम के अधीन कार्यवाही को पूरा हो जाने के समय प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कलेक्टर, हरदा की अनुमति के बिना कोई संव्यवहार नहीं करेगा/कराएगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगमन सृजित नहीं करेगा.

3. सरकार की समुचित वेबसाइट www.harda.nic.in पर भी देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

श्रीकांत बनोठ, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

छिंदवाड़ा, दिनांक 15 जून 2016

क्र. 935.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2 (1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा नीचे दर्शाये अनुसूची में स्तंभ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तंभ (2) में दर्शित नाम से तहसील तामिया, जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है:—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व प.ह.न. एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल)	राजस्व ग्राम का नाम एवं प.ह.नं.
(1)	(2)
ग्राम धूसांवानी, प.ह.नं. 27 से पृथक् किया गया क्षेत्रफल-543.560 हेक्टेयर.	ग्राम-राजढाना प.ह.नं.-27

क्र. 935.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2 (1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा नीचे दर्शाये अनुसूची में स्तंभ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तंभ (2) में दर्शित नाम से तहसील जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है:—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व प.ह.न. एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल)	राजस्व ग्राम का नाम एवं प.ह.नं.
(1)	(2)
ग्राम बिचबेहरी, प.ह.नं. 08 से पृथक् किया गया क्षेत्रफल-1277.543 हेक्टेयर.	ग्राम-झालमऊ प.ह.नं.-08

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

जे. के. जैन, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला टीकमगढ़ मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

टीकमगढ़, दिनांक 25 जून 2016

सार्वजनिक सूचना

प्र. क्र. 05-अ-82-2014-15—सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अनुसूची में अंकित अनुसार भूमि लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परियोजना के अन्तर्गत वरगी नदी पर पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य हेतु म. प्र. शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के परिपत्र क्र. एफ. 12-2/2014/सात/2ए, दिनांक 12 नवम्बर 2014 के अनुसार आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति के अन्तर्गत क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है. यदि किसी व्यक्ति को उक्त भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आधार सहित कलेक्टर कार्यालय, टीकमगढ़ में प्रस्तुत कर सकता है. म्याद गुजरने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा:—

अनुसूची

1. परियोजना का नाम — लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परियोजना
2. प्रयोजन — वरगी नदी पर पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य
3. भूमि का वर्णन —

ग्राम	तहसील	जिला	ख. नं.	रकबा (हे. में)	कृषक का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
पंचमखेरा	पृथ्वीपुर	टीकमगढ़	416	0.300	बालमकुन्द, बदर तनय रामदास काछी
			415	0.030	हरदेव तनय कन्हैयालाल यादव
				योग. 0.330	

प्रियंका दास, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला धार, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

धार, दिनांक 28 जून 2016

प्रारंभिक सूचना

प्र. क्र. 7662-अ-82-2015-16.—चूंकि, राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक (1) में नागदा-धार-गुजरी मार्ग (SH-31) निर्माण के अन्तर्गत ग्राम **सराय,** तहसील व जिला धार के लिए वर्णित भूमि जिसका कृषकवार एवं सर्वे क्रमांकवार विवरण अनुसूची (2) में उल्लेखित है. सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है. योजना का निर्माण प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है. प्रस्तावित सर्वे क्रमांक की भूमि नागदा-धार-गुजरी मार्ग (SH-31) निर्माण से प्रभावित होने के कारण अधिग्रहण किया जाना है. अत: सोशल इम्पेक्ट असेसमेंट सर्वेक्षण की आवश्यकता नहीं है. अत: भूमि अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 11 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची (2) की भूमि की अनुसूची (1) में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है :—

अनुसूची (1)

ग्राम:—सराय तहसील धार

स. क्र.	विवरण	अर्जित की जाने वाली भूमि का कुल रकबा (हे. में)		
		सिंचित	असिंचित	कुल
(1)	(2)		(3)	(4)
1	नागदा-धार-गुजरी मार्ग (SH-31) निर्माण	0.132	0.289	0.421
	योग	0.132	0.289	0.421

अनुसूची (2)

इन्दौर-नागदा-धार-गुजरी मार्ग (SH-31) निर्माण के अन्तर्गत ग्राम सराय की प्रभावित भूमि का विवरण

ग्राम:—सराय तहसील धार

स. क्र.	कृषक का नाम व पिता /पति का नाम	खसरा क्र.	भूमि का कुल रकबा			अर्जित की जाने वाली भूमि का कुल रकबा (हेक्टेयर में)		
			सिंचित	अंसिचित	कुल	सिंचित	अंसिचित	कुल
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	कृष्णा पिता नथ्या, गौराबाई पति नथ्या, फत्या, भग्या, ज्ञानाबाई, कालीबाई पिता नवचा, पुना, नाबालिक पिता राजकुमार पालनकर्ता कृष्णा पिता नथ्या, अजोता पति राजकुमार जाति भील निवासी ग्राम सराय.	608	0.746	0.000	0.746	0.132	0.000	0.132
2	दरियाव पिता रावजी, दत्तु तुकाराम, मयाराम, आत्माराम, डोंगर, ममता, कुन्ताबाई, श्यामबाई, मायाबाई पिता छगन मांगुडीबाई पति छागन, रामस्वरूप, दिनदयाल, मंजुबाई दितुबाई, शिवकन्या पिता कुमान, हिम्या पिता बरसिंह जाति भील निवासी सराय.	650	0.000	4.046	4.046	0.000	0.289	0.289
		योग	0.746	4.046	4.792	0.132	0.289	0.421

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
श्रीमन् शुक्ला, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला खरगोन एवं समुचित सरकार, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

उद्घोषणा का संशोधन

खरगोन, दिनांक 30 जून 2016

क्र. 432-भू-अर्जन-16.—खरगोन वृहद ताप विद्युत् परियोजना को कोयला आपूर्ति के लिये रेल पथ के निर्माण हेतु अर्जित की जा रही तहसील सनावद के ग्राम भातुड की निजी भूमि क्षेत्रफल 8.060 हे. के सबंध में भू-अर्जन अधिनियम, 2013 की धारा 19 (1) के तहत जारी उद्घोषणा का मध्यप्रदेश के राजपत्र भाग-1 में पृष्ठ क्रमांक 2171 पर दिनांक 17 जून 2016 को प्रकाशन हुआ है. प्रकाशित उद्घोषणा में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है. शेष उद्घोषणा यथावत् रहेगी:—

पूर्व प्रकाशित प्रविष्टि		संशोधित सही प्रविष्ठि	
खसरा नंबर	रकबा (हे. में.)	खसरा नंबर	रकबा (हे. में.)
8/6	0.024	7/6	0.024

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक कुमार वर्मा, कलेक्टर एवं समुचित सरकार.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला गुना, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

गुना, दिनांक 4 जुलाई 2016

क्र. भू-अर्जन-2016.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसके संलग्न अनुसूची के खाने (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (7) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है.

प्रकरण क्रमांक 3/2016.—चूंकि, राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि गुना-आरोन-सिरोंज मार्ग की सूची में नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक 1 में आरोन बायपास के लिये (MPRDC) की सड़क योजना के तहत तहसील आरोन जिला गुना की ग्राम आरोन के लिये शेष प्रभावित भूमि हेतु आवश्यक वर्णित भूमि जिसका कृषकवार सर्वे क्रमवार विवरण अनुसूची (2) में उल्लेखित है अतः भूमि अर्जन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 11 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची (2) की भूमि की अनुसूची (1) में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है और इस कारण धारा 11 (3) के तहत सामाजिक समाघात निर्धारित का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है.

अनुसूची (1)

आरोन बायपास के प्रस्तावित टू लेन मार्ग पर निर्माण में शेष प्रभावित भूमि

स. क्र.	विवरण	अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा (हेक्टेयर)		
		सिंचित	असिंचित	योग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	आरोन (पटवारी हल्का नं. 22)	23.132	0	23.132

अनुसूची (2)

आरोन बायपास के प्रस्तावित टू लेन मार्ग पर निर्माण हेतु निजी भूमि का भू-अर्जन प्रस्ताव ग्राम आरोन

तहसील : आरोन जिला : गुना

स. क्र.	विवरण	अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा (हेक्टेयर में)		
		सिंचित	असिंचित	योग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	आरोन (पटवारी हल्का नं. 22)	23.132	0	23.132

स.क्र.	भू-स्वामित्धारी का नाम	सर्वे नम्बर	कुल रकबा	सिंचित	असिंचित	कुल भूमि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	पुष्पेन्द्र कुमारी पत्नि प्रसन्न कुमार जाति जैन पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भू. राजस्व 17.53.	49 गुना रोड पर	1.505	0.062	–	0.062
2	प्रकाशचन्द्र पुत्र चंपालाल जैन	47/2/3 गुना रोड पर	0.653	0.219	–	0.219
3	बैनी प्रसाद पुत्र हरिवल्लभ जाति ब्राह्मण पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भू-राजस्व 14.81.	40 गुना रोड पर	4.087	0.784	–	0.784

क्र.	भु स्वामित्वधारी का नाम	सर्वे नम्बर	कुल रकवा	सिंचित	असिंचित	कुल भूमि
4	हरिसिंह पुत्र दंगलसिंह जाति रघुवंशी पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भू.रा.शा. 147 शकुनबाई पत्नि रमेश कुशवाह	153	1.682	0.511		0.511
5	शकुनबाई पत्नि रमेश कुशवाह	153 min 1	0.836	0.251		0.251
6	प्राणसिंह पुत्र तोरनसिंह जाति कुशवाह पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भ.रा.शा. 145	155	0.470	0.261		0.261
7	नारायणसिंह पुत्र तोरनसिंह जाति कुशवाह पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भ.रा.शा. 145	156/2 min2	0.836	0.209		0.209
8	जीवनसिंह पुत्र काशीराम पता नि. ग्राम भूमि स्वामी	158	0.951	0.491		0.491
9	प्राणसिंह पुत्र तोरन सिंह कुशवाह	154 min 1	0.382	0.126		0.126
10	किरनबाई पत्नि बृजेंद्रसिंह रघुवंशी	197 min 2	1.045	0.468		0.468
11	भगवती बाई पत्नि रामस्वरूप श्रीवास्तव	197 min 1	1.045	0.518		0.518
12	श्यामबाबू पुत्र रामस्वरूप जाति कायस्त पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भ.रा. 2.00 1. आम 2. कटहल 3.बेरी 4.महुआ 5.अनार	200/1	0.848	0.489		0.489
13	गंगाबाई बेवा गोविंद प्रसाद जाति कायस्त पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भ.रा. 8.25	200/2	2.038	0.523		0.523
14	भगवती बाई पत्नि रामस्वरूप श्रीवास्तव जाति कायस्त पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भ.रा. 5.60	200/3	1.189	0.157		0.157
15	लल्लीराम पुत्र भवरलाल जाति बाढई पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भ.रा. 5.28	272/2/1	1.463	0.157		0.157
16	किशनलाल, दीनदयाल, राधे पुत्रगण हीरालाल जाति काछी पता नि. ग्राम भूमि स्वामी, सुभद्राबाई पुत्री हीरालाल जाति काछी पता नि. ग्राम समान भाग भूमि स्वामी भू.रा. बिल मुक्ता 10.60	276	1.473	0.175		0.175
17	बुन्देलसिंह पुत्र कमरजी जाति रघुवंशी पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भ.रा.शा. 176	277	0.261	0.142		0.142
18	अमोलसिंह पुत्र माधोसिंह जाति रघुवंशी1/4, नीलमसिंह पुत्र माधोसिंह 1/4 अमरसिंह हरिसिंह पुत्रगण भगवानसिंह 1/2 पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भ.रा. शा. 217	278/min 1	2.012	0.380		0.380

क्र.	भू स्वामित्वधारी का नाम	सर्वे नम्बर	कुल रकबा	सिंचित	असिंचित	कुल भूमि
19	कलियाबाई पत्नि सुरेंद्र सिंह पुत्री प्रेमसिंह जाति रघुवंशी पता नि. ग्राम भूमि स्वामी	278/ min 2	0.402	0.157		0.157
20	मुन्नीबाई पुत्री नोनीताराम जाति मोदी पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भ.रा. 222	289	1.599	0.388		0.388
21	अभिषेक रघुवंशी पुत्र शिवरामसिंह रघुवंशी	295	0.658	0.059		0.059
22	रामसिंह, हरिसिंह पुत्रगण मानसिंह जाति ओझा पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भ.रा. 293 मि.1 1. बबुल — 12 2. युकेलिप्टीस — 2 3. नलकूप — 1	294/1	1.060	0.428		0.428
23	श्रीमति हीराबाई पत्नि मोहन सिंह रघुवंशी	292	1.066	0.247		0.247
24	रामसिंह, हरिसिंह पुत्रगण मानसिंह जाति ओझा	293/1	0.792	0.027		0.027
25	सुनीताबाई पत्नि रामसिंह तिलकाबाई पत्नि हरिसिंह जाति ओझा पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भ.रा. 3.14	312	0.355	0.249		0.249
26	मर्दनसिंह पुत्र मिश्रीलाल साहू	313	1.045	0.418		0.418
27	गजराजसिंह पुत्र मिश्रीलाल साहू	318	2.153	0.467		0.467
28	पहलवान पुत्र लक्ष्मणसिह रघुवंशी नि. प्यासी, श्रीमति सुगनबाई पत्नि अर्जुनसिंह रघुवंशी, नि. आरोन, जुल्फकार खां उर्फ भुटटो पुत्र रमजान खां मुसलमान पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भ.रा. 5.50	320/1	1.175	0.418		0.418
29	पहलवान पुत्र लक्ष्मणसिह रघुवंशी नि. प्यासी, श्रीमति सुगनबाई पत्नि अर्जुनसिंह रघुवंशी, नि. आरोन, जुल्फकार खां उर्फ भुटटो पुत्र रमजान खां मुसलमान पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भ.रा. 5.50	320/2	1.176	0.009		0.009
30	कमलाबाई बेवा शंकरलाल सहरिया	321	0.387	0.052		0.052
31	श्यामसुन्दर पुत्र बाबूलाल सोनी पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भू.रा. 2.90	325/min 2	0.627	0.136		0.136
32	सीमा पत्नि मुकेश सोनी पता नि. इन्दौर भूमि स्वामी भ.रा.शा. 324/2 1.आम 2.जामुन 3.नीबू 4.मकान 23'11 x 23'11	326	1.442	0.625		0.625

क्र.	भु स्वामित्वधारी का नाम	सर्वे नम्बर	कुल रकवा	सिंचित	असिंचित	कुल भूमि
33	कमल सिंह हल्केराम मथरालाल हरिराम इमरत सिंह कमलाबाई जानकीबाई पुत्र पुत्रीयॉ धरोपी जाति काछी 1.आम 2.जामफल	328/ min 1	0.533	0.282		0.282
34	कमलसिंह पुत्र धरोपी काछी पता नि. मोहरीकला भूमि स्वामी भ.रा. 2.41 1. जामफल 2. नीबू , 3. चंदन 4. अनार 5. आंवला 6.मकान खपरैल कच्चा	327/3	0.732	0.209		0.209
35	खुशिया पुत्र शिवुआ चमार पता नि. ग्राम भूमि स्वामी भ.रा. बिलमुक्ता 10.10	415	1.076	0.044		0.044
36	प्रेमबाई पत्नि गोपीलाल राजाराम , अमोलसिंह, दिमानसिंह पुत्रगण गोपीलाल जाति काछी पता नि. ग्राम समान भाग भूमि स्वामी भ.रा.	411/1	1.876	0.282		0.282
37	श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन शैक्षणिक मंदिर ट्रस्ट, अध्यक्ष श्री देशराज कलैशिया	411/2	0.938	0.072		0.072
38	काशीराम पुत्र सूरतसिंह कुम्हार पानी की टंकी 15 " 15	411/3	0.938	0.491		0.491
39	रामस्वरूप पिता बाबूलाल साहू	412	0.376	0.230		0.230
40	घासीलाल पुत्र श्रीकृष्ण हि. 1/4 , बाबूलाल पुत्र रामरतन 1/2 कृष्णाबाई	396 min1	1.719	0.779		0.779
41	पत्नि घासीलाल साहू	396 min 2	0.559			
42	ओमप्रकाश पुत्र हरिराम सोनी	395/2	1.296	0.371		0.371
